>

Title: Regarding the implementation of the recommendations of 7th Pay Commission for postmans working in remote villages.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (**रामटेक**): अध्यक्ष महोदय, आज भी हमारे देश की 65 परसेंट जनता ग्रामीण इलाके में रहती है ।…(व्यवधान) ग्रामीण इलाके में रहने के बाद भी, हरेक गाँव दूर-दराज तथा दूर-दूर होते हैं ।…(व्यवधान) 100 लोगों की संख्या का छोटे-छोटे गाँव होते हैं और 10,000 लोगों की संख्या के भी गाँव होते हैं । इस प्रकार से अलग-अलग गाँवों के कारण हमारे यहाँ ग्रामीण एरिया में जो डाकघर होते हैं, जो डाक कर्मचारी होते हैं, …(व्यवधान) उन डाक कर्मचारियों को बड़ी परेशानियाँ होती हैं । उनकी जो समस्याएं हैं, उनको अभी भी पूरी पगार नहीं दी जाती है, उनके लिए कोई निवास की व्यवस्था नहीं होती है । उनके लिए कोई पेंशन योजना लागू नहीं होती है । विभिन्न सरकारों में इसके लिए अलग-अलग कमेटियाँ बनाई गईं । उन कमेटियों की रिपोर्ट्स आती हैं, लेकिन इन डाकघर कर्मचारियों के लिए, जो गाँव-गाँव में घूम कर सही मायने में हमारे देश की सेवा करते हैं, उनको जो मुआवजा, पगार तथा सैलरी मिलनी चाहिए, वह नहीं मिलती है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि जिन कमेटियों की भी रिपोर्ट्स आई हैं, उसको लागू करते हुए, उनको सातवें वेतन आयोग का लाभ मिलना चाहिए । सरकार उनके लिए पेंशन की योजना और आवास की व्यवस्था करे ।…(व्यवधान)

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): In Sivakasi, Tamil Nadu, a Press reporter Karthi has been attacked by a murderous gang.…(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: मणिक्कम टैगोर जी, आप बोलिए ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप अपने साथी माननीय सदस्य को बोलने दीजिए ।